# राजभाषा मुद्रिका

तिमाही राजभाषा समाचार पत्र

**अंक : 40** **अप्रैल-जून 2024**

**<u>प्रधान संरक्षक</u>**

**सुश्री आरती अग्रवाल श्रीनिवास**

**मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल, कर्नाटक**

**<u>संरक्षक</u>**

**श्री श्रेयस के.एम.**

**संयुक्त आयुक्त, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु**

**<u>संकल्पना और संपादन</u>**

**श्री वाई. सुब्रह्मण्यम,**

**वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु**

---

## बधाई

नगर राजभाषा कर्यान्वयन समिति (कार्यालय-2), बेंगलूरु के तत्वावधान में दिनांक 12.06.2024 को सी.एम.टी.आई., बेंगलूरु द्वारा आयोजित अंतर कार्यालयीन हिंदी की विविधा प्रतियोगिता में इस कार्यालय के निम्नलिखित अधिकारियों ने भाग लिया और पुरस्कार जीता।



तृतीय पुरस्कार

श्री वाई. सुब्रह्मण्यम,
वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी,
प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय



प्रोत्साहन पुरस्कार-III

श्री अभिषेक गुप्ता,
कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी,
प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय

केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल में कार्यरत समस्त अधिकारियों की ओर आप दोनों को ढेर सारी शुभकामनाएं



# जीएसटी दिवस 2024

केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल द्वारा दिनांक 01-07-2024 के सायं 04:30 बजे कॉवेरी हॉल, केंद्रीय राजस्व भवन, क्वीन्स रोड, बेंगलूरु में जी.एस.टी. दिवस 2024 को धूमधाम से मनाया गया। उच्च न्यायालय, कर्नाटक के माननीय न्यायाधीश श्री कृष्ण दीक्षित ने मुख्य अतिथि का भार वहन किया। आयकर विभाग, कर्नाटक और गोवा क्षेत्र के प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त श्री शैली जिंदल एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल की मुख्य आयुक्त श्रीमती आरती अग्रवाल श्रीनिवास विशिष्ट अतिथियों के रूप में उपस्थित थें। केंद्रीय कर, कर्नाटक अंचल के प्रधान मुख्य आयुक्त श्री रूपम कपूर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।
















# जीएसटी दिवस 2024

मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्य का शुभारंभ किया । केंद्रीय कर कर्नाटक अंचल के प्रधान मुख्य आयुक्त श्री रूपम कपूर ने अपने परिचयात्मक टिप्पणी व अध्यक्षीय भाषण में जीएसटी दिवस का आरंभ से लेकर 7वें जीएसटी दिवस वर्ष गॉठ तक का घटनाक्रम और जीएसटी संग्रहण के बारे में बहुत विस्तृत रूप से अपने विचार प्रस्तुत किए । फिर, जीएसटी कर्नाटक पर एक वीडियो दर्शाया गया । तदुपरांत आयकर विभाग, कर्नाटक और गोवा क्षेत्र के प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त श्री शैली जिंदल ने अपने विशेष अतिथि भाषण में जीएसटी के बाद जो निर्धारितियों को प्राप्त स्वतंत्रता और सुविधा के बारे में बताएं । फिर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं उच्च न्यायालय, कनार्टक के माननीय न्यायाधीश श्री कृष्ण दीक्षित ने अपना संबोधन किया । तत्पश्चात् अपने विशिष्ट भाषण में सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल की मुख्य आयुक्त श्रीमती आरती अग्रवाल श्रीनिवास ने जीएसटी अमल होने के बाद सीमा शुल्क द्वारा प्रथम कर संग्रहरण के बारे में उपस्थित सभी दर्शकगण को अवगत कराया । उसके पश्चात् विभागीय अधिकारियों को प्रशंसा पत्रों से नवाज़ा गया । फिर, कुमारी भूमिका होण्णली द्वारा भारतनाट्यम का प्रदर्शन हुआ। तदुपरांत केंद्रीय कर, बेंगलूरु पूर्व आयुक्तालय के आयुक्त श्री एन.जे. कुमरेश ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया । केंद्रीय कर, बेंगलूरु उत्तर पश्चिम आयुक्तालय की अधीक्षक श्रीमती वी. सरला ने कार्यक्रम का संचालन किया ।















# हिंदी कार्यशाला

**दिनांक 10.05.2024 को केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के समूचे कर्नाटक में कार्यरत मुख्य लेखा अधिकारी/आहरण एवं संवितरण अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारियों के लिए केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल द्वारा एक ऑनलाइन हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया । पूर्वाह्न के दोनों सत्र में डी.आर.डी.ओ., बेंगलूरु के सहायक निदेशक (राजभाषा) डॉ.एस.एन. महेश ने *"टिप्पण एवं आलेखन"* पर व्याख्यान दिया । तथा अपराह्न के दोनों सत्र में एन.ए.एल., बेंगलूरु के सेवानिवृत्त वरिष्ठ हिंदी अधिकारी डॉ.पी.एस.आर. मूर्ति ने *"राजभाषा नीति"* पर प्रकाश डाला।**





इस अंचल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की सामग्रियां हो तो, उन्हें इस समाचार पत्र के आगामी अंकों में प्रकाशन हेतु हमें cexhindicell@gmail.com ई-मेल पते पर संपर्क करें ।

**आपके बहुमूल्य सुझाव सादर आमंत्रित हैं ।**